

DOT
TO
ARCH





## राजस्थान की पहली स्फूर्ति सीएफसी का हुआ शिलान्यास

# परम्परागत कारोबार का अब होगा नया अंदाज





**गुढागौड़ज़ी झुंझुनू डिजिटल भास्कर पत्रिका न्यूज़।** भारत सरकार की ड्रीम योजना हर हाथ को हुनर-हर हाथ को काम, को साकार करने के लिए सूक्ष्म, लघु व् माध्यम मंत्रालय, भारत सरकार की स्फूर्ति योजना के अंतर्गत आज कोलसिया गांव में कोलसिया टाई एंड डाई कलस्टर के सामान्य सुविधा केंद्र का शिलान्यास झुंझुनू जिले के सांसद नरेंद्र कुमार, मध्यप्रदेश सरकार के कृषि मंत्री कमल पटेल, खादी व् ग्रामोद्योग आयोग के राज्य निदेशक बद्रीलाल मीना, शिक्षाविद डॉ सुमन शर्मा ने अपने कर कमलों से किया। इस शिलान्यास समारोह में मध्यप्रदेश सरकार के कृषि मंत्री कमल पटेल ने वर्चुअल उपस्थिति के माध्यम से उपस्थित लोगों को सम्बोधित किया तथा परम्परागत कारोबार से शेखावाटी इलाके की महिलाओं की सशक्तिकरण की दिशा में एक मील का पत्थर साबित होगा, राजस्थान को अपने पूर्वजों की भूमि बताते हुए इस तरह की शुरुआत को केंद्र की सरकार विकास के निमित्त विशेष कार्य बताया। इस अवसर पर सांसद ने कहा कि शेखावाटी अंचल हाथ की कारीगरी के लिए सदा से ही दुनिया में प्रसिद्द रहा है. यहाँ कारीगरों को इस प्रकार की योजनाओं के माध्यम से मदद करके सरकार ने पुरे देश में नई क्रांति का सूत्रपात किया है। खादी व् ग्रामोद्योग आयोग के माध्यम से स्वीकृत इस कलस्टर का शिलान्यास अवसर पर राज्य निदेशक बद्रीलाल मीना ने बताया कि यह राजस्थान प्रदेश में स्फूर्ति योजना की प्रथम सीएफसी का शिलान्यास है, आज कोलसिया गांव में कमलनिष्ठा संस्थान द्वारा प्रदत भूमि पर यह शुरुआत करते हुए आयोग को बेहद खुशी है, शीघ्र ही प्रदेश के दूसरे जगहों पर भी इसी तरह की अलग-अलग कारोबार के लिए सीएफसी स्थापित होंगी तथा परम्परागत कारोबार को नए जमाने की जरुरत के लिहाज से विकसित किया जायेगा। ध्यातव्य है कि इस सीएफसी के माध्यम से कोलसिया व् इसके आसपास के 8 गांव की 349 महिलाओ को प्रत्यक्षत: कारोबार से जोड़ा जा सकेगा. कार्यक्रम में जयपुर से पधारे शिक्षाविद डॉ सुमन शर्मा ने इस संस्था को इलाके की उन्नति बड़ा कार्य बताया। शिलान्यास समारोह में शाकम्भरी पीठ के पंडितो ने पूजन करवाया. इस अवसर पर बाय सरपंच तारा पूनिया, कोलसिया सरपंच महेश पारीक, पूर्व सरपंच कुरड़ाराम , शिंभूदयाल दूत, बहादुर सिंह शेषमा, जवाहर सिंह, नन्दलाल, मनोज, ओंकार सहित बड़ी संख्या में आसपास के गांवो के लोग उपस्थित थे। कमलनिष्ठा संसथान के सचिव डॉ धर्मपाल सिंह ने सभी का आभार व्यक्त किया।









शिलान्यास
कोलसिया टाई एण्ड डाई कलस्टर
21 अप्रैल 2021, बुधवार रामनवमी, चैत्र मास, संवत् 2078
गरिमामयी उपस्थिति
कमल पटेल
किसान कल्याण व कृषि मंत्री
मध्यप्रदेश सरकार
नरेन्द्र कुमार
लोकसभा सांसद
झुन्झुनू
बद्रीलाल मीना
राज्य निदेशक
खादी और ग्रामोद्योग आयोग
भारत सरकार
श्रीमती रामादेवी धर्मपत्नी स्व.श्री बेगाराम जी
स्वतंत्रता सैनानी - आजाद हिन्द फौज
डॉ. सुमन शर्मा
शाकम्भरी पीठ
निवेदक
डॉ. धर्मपाल सिंह, सचिव




REDMI NOTE 9 PRO MAX
AI QUAD CAMERA


REDMI NOTE 9 PRO MAX
AI QUAD CAMERA


REDMI NOTE 9 PRO MAX
AI QUAD CAMERA


REDMI NOTE 9 PRO MAX
AI QUAD CAMERA


REDMI NOTE 9 PRO MAX
AI QUAD CAMERA


REDMI NOTE 9 PRO MAX
AI QUAD CAMERA


REDMI NOTE 9 PRO MAX
AI QUAD CAMERA


REDMI NOTE 9 PRO MAX
AI QUAD CAMERA
























REDMI NOTE 9 PRO MAX
AI QUAD CAMERA


REDMI NOTE 9 PRO MAX
AI QUAD CAMERA



















